तापमान

अधिकतम 46.9 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 21 मई 2026



12 मांगों को लेकर जुटे हजारों कर्मचारी सरकार ...





12 विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण एवं मधुमक्खी पालन के ...






## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 20.60 लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर दो दोस्तों से 20 लाख 60 हजार रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। आप विक्रम व दिनेश कुमार पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। किवाना निवासी संदीप कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका दोस्त कुरुक्षेत्र के कल्याण नगर निवासी हितेश कुमार रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उनकी मुलाकात विक्रम व दिनेश कुमार के साथ हुई। आरोपियों ने गुमथला राव में उन्हें मिलने के लिए बुलाया। वह दोनों आरोपियों से मिलने के लिए गए। आरोपियों ने उन्हें विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख 60 हजार रुपए और उनके दस्तावेज ले लिए।

### हजारों की हेरोइन के साथ नशा तस्कर धरा

**यमुनानगर।** एंटी नाकोटिक सेल की टीम ने शिवनगर कैंप क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत 72 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एंटी नाकोटिक सेल की टीम में तैनात पीएसआई नवीन कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि कैंप क्षेत्र स्थित शिवनगर में एक युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। आरोपी इस समय नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। टीम संदिग्ध घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 24 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान कुलदीप नगर निवासी लक्ष्मण उर्फ संदीप के रूप में हुई।

### प्रॉपर्टी बेचने की नाम पर हड़पे 20 लाख रुपये

**यमुनानगर ।** प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर शहर के कन्हैया साहिब चौक आदर्श नगर निवासी बलबीर सिंह से 20 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप निर्मल सिंह, सतीश कुमार, संजय कुमार व सुनील ओबेरॉय पर लगा है। जांच करने पर प्रॉपर्टी फर्जी मिली। पुलिस में चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आदर्श नगर जगाधरी निवासी बलबीर सिंह ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि सितंबर 2025 में वह प्रॉपर्टी खरीदना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात निर्मल सिंह, सतीश कुमार, संजय कुमार व सुनील ओबेरॉय के साथ हुई। आरोपियों ने उसे प्रॉपर्टी दिखाई। प्रॉपर्टी उसे पसंद आ गई। इस दौरान आरोपियों ने प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर उससे 20 लाख रुपये ले लिए। बलबीर सिंह ने बताया कि इसके बाद जब उसने प्रॉपर्टी की जांच करवाई तो वह फर्जी मिली।

### नाबालिग बाइक चोरी करते पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ में बाइक चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ। चोरी की दो बाइक बरामद कर नाबालिग आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ा गया। वहीं, थानेदार राकेश ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना किला में प्रवीन पुत्र अशोक निवासी बबैल रोड राम नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पानीपतः हमला करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** हथवाला चौकी पुलिस ने गांव राक्सेडा में घर में घूसकर पिता-पुत्र पर डंडों व गंडासी से हमला करने के पांचवे आरोपी रोहित उर्फ जोनी उर्फ कागा को गिरफ्तार किया है।

---

### अंबाला और यमुनानगर में पुलिस की स्पेशल टीम को मिली बड़ी सफलता

# 5 साल से फरार 5,000 का इनामी बदमाश मोहम्मद अकरम गिरफ्तार

- आरोपी पर हत्या के प्रयास, पशु चोरी और गैंगस्टर एक्ट के कई मामले दर्ज
- 2021 में भैंस चोरी के दौरान ग्रामीणों पर गाड़ी चढ़ाने का था आरोप
- पुलिस रिमांड में आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला** पुलिस की गिरफ्त में इनामी बदमाश। फोटो : हरिभूमि

पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने करीब 5 साल से फरार चल रहे 5,000 रुपये के इनामी आरोपी मोहम्मद अकरम उर्फ भोपू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर हत्या के प्रयास और पशु चोरी जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। घटना 19 जून 2021 की है जब गांव बिछपड़ी के रणबीर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के अनुसार देर रात अज्ञात बदमाशों ने गांव से भैंस चोरी की थी। जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी और उन्होंने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने जान से मारने की नियत से ग्रामीणों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। सहायक उप-निरीक्षक सुनील कुमार की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इस वांछित अपराधी को दबोचा। इस मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी जबकि मोहम्मद अकरम लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अकरम एक शातिर अपराधी है। उस पर नोएडा (उत्तर प्रदेश), सोनीपत, करनाल और अंबाला के विभिन्न थानों में पशु चोरी और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। वह सोनीपत के एक मामले में 'बेल जंपर' (जमानत के बाद फरार) भी घोषित है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करेगी ताकि अन्य वारदातों में उसकी संलिप्तता का पता लगाया जा सके।

## चाकू की नोक पर व्यक्ति से नकदी लूटने वाला काबू

- आरोपी ने चाकू दिखाकर साइकिल सवार से 11,800 रुपये और मोबाइल लूटने की बात कबूली
- लूट में इस्तेमाल बाइक भी चोरी की निकली, पुलिस रिमांड पर पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





**यमुनानगर।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी।

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ की टीम ने चाकू की नोक पर व्यक्ति से नकदी लूटने वाले आरोपी को गिरफ्तार किए है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक वारदात की फिराक में सेक्टर-18 टाउन पार्क के पास घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक जसविंदर सिंह, सतीश, दीपक लोकेश कुलदीप की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान लक्ष्मी नगर कैंप निवासी सुमित उर्फ कालू के नाम से हुई। पूछताछ में आरोपी ने एक लूट के वारदात को अंजाम करना कबूल किया है। इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी ने 25 मार्च को थाना फर्रकपुर एरिया में रेलवे पुल क्रॉसिंग माता भगवती पैलेस के पास सड़क पर साइकिल सवार व्यक्ति से चाकू की नोक पर 11 हजार आठ सौ रुपये व मोबाइल फोन की लूट की थी। मामले में दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

## अंबालाः परिवार से 12 लाख की रंगदारी मांगी


### न देने पर जान से मारने की धमकी

- महिला ने भांजे और साले समेत कई पर परिवार को धमकाने के आरोप लगाए
- पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने तीन महीने पहले जबरन गाड़ी भी छीन ली थी
- पुलिस ने कई आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की, जल्द गिरफ्तारी का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर के मिलाप नगर इलाके में रहने वाली शिखा भटनागर के परिवार को बंधक बनाने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने व 12 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि इस पूरे आपराधिक षड्यंत्र का मास्टरमाइंड भांजा व साला है। आरोपियों ने तीन माह पहले गाड़ी भी जबरन हड़प ली व 11 मई को दोबारा घर में घुसने का प्रयास किया। अंबाला शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रोहित कुमार, वारिस वर्मा, तुषार शर्मा, राहुल कुमार, रिंकू उर्फ चेला, सोमेश, सोनू व कुलदीप पर केस दर्ज किया है। परिवादी शिखा भटनागर ने बताया कि पिछले कुछ समय से उनका पूरा परिवार खौफ के साये में जीने को मजबूर है। उनके पति का सगा भांजा रोहित कुमार और सगा साला वारिस वर्मा कुछ अन्य आरोपियों के साथ मिलकर पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोपी लगातार फोन कॉल पर गाली-गलौज कर रहे हैं। 12 लाख रुपये की अवैध मांग यानी रंगदारी मांग रहे हैं। रकम न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। लगभग तीन महीने पहले रोहित और वारिस ने उनके पति से जबरन उनकी गाड़ी छीन ली थी। उसका इस्तेमाल अब किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने या परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए किए जाने की आशंका है। पीड़िता का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व रात करीब 10 बजे दर्जनभर नकाबपोश बदमाश उनके घर में घुसने लगे। उस समय घर में वह, उनकी दिल की मरीज बुजुर्ग सास व एक छोटा बच्चा था। इस घटना के बाद से बच्चा इतना सहम गया है कि उसने डर के मारे स्कूल जाना भी छोड़ दिया है। आरोप है कि बदमाशों में शामिल कई आरोपियों पर आर्म्स एक्ट व अन्य संगीन धाराओं के तहत कई जिलों में केस दर्ज है। लगातार उनके परिवार की रेकी कर रहे हैं और घर से बाहर निकलते ही पीछा करते हैं। कॉल डिटेल पुलिस को सौंपी है। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



## स्कूल के स्टोर रूम में आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेक्टर-2 स्थित एक प्राइवेट स्कूल की जूनियर विंग में अचानक आग लगने से स्कूल परिसर में अफरातफरी मच गई। आग स्कूल के बैक साइड बने स्टोर रूम में लगी थी। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। घटना के समय स्कूल में छोटे बच्चे मौजूद थे। जैसे ही स्टोर से धुआं उठता दिखाई दिया, स्कूल स्टाफ और टीचरों ने तुरंत बच्चों को क्लासरूम से बाहर निकालना शुरू कर दिया। कुछ ही मिनटों में पूरे स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि स्टाफ की सूझबूझ के चलते सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने तक स्कूल के बाहर अभिभावकों और आसपास के लोगों की भीड़ लगी रही। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में कामयाब रही। आग लगने और धुआं फैलने की वजह से स्कूल परिसर में कुछ समय तक तनाव और अफरातफरी का माहौल बना रहा। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद अभिभावकों ने राहत की सांस ली।

## कुरुक्षेत्र के युवक की कनाडा में मौत

- कनाडा पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है, शव भारत लाने की प्रक्रिया जारी
- रात को सोने के बाद सुबह कमरे से बाहर नहीं आया, साथियों ने देखा तो मौत की पुष्टि हुई
- घटना से पहले परिवार से वीडियो कॉल पर हुई थी सामान्य बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



वीरेन रंगा स्टडी वीजा पर वैंकूवर में इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा कर रहा था

कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा उपमंडल के गजलाना गांव निवासी वीरेन रंगा (22) की कनाडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पिछले दो साल से स्टडी वीजा पर कनाडा के वैंकूवर में रहकर इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा कर रहा था और हाल ही में उसने वर्क परमिट के लिए आवेदन भी किया था।परिजनों के अनुसार, घटना से एक रात पहले वीरेन ने परिवार से वीडियो कॉल पर सामान्य बातचीत की थी। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह देर तक बाहर नहीं आने पर उसके साथ रहने वाले चचेरे भाइयों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। बाद में उसकी मौत की पुष्टि हुई।मृतक के पिता राजेंद्र रंगा बिजली निगम में फोरमैन हैं और वर्तमान में बाबैन में तैनात हैं। परिवार में मां सुनीता और बड़ा भाई आदित्य भी हैं। आदित्य शिमला में वेटरनरी सर्जन कोर्स के बाद इंटर्नशिप कर रहा है।परिवार ने बताया कि शव को भारत लाने के लिए कागजी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और रिश्तेदार प्रक्रिया में जुटे हैं। वहीं, वीरेन के दोस्तों ने भी आर्थिक मदद के लिए फंड जुटाना शुरू किया है। फिलहाल कनाडा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## कालपी गोलीकांडः आरोपी पिता-पुत्र फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला के मुलाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे-344 स्थित कालपी फ्लाईओवर पर हुए गोलीकांड के 24 घंटे बाद भी आरोपी पिता-पुत्र पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। घटना जमीनी विवाद को लेकर हुई, जिसमें गांव मुलाना के 55 वर्षीय गुरमीत सिंह को आरोपी अमन ने दो गोलियां मारी थीं। घायल गुरमीत सिंह का इलाज एमएम अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।वारदात के बाद पुलिस ने मौके से दो खाली खोल बरामद किए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांच में शामिल की गई है, जिसमें आरोपी बाइक पर आते और फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस की चार टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।मुलाना थाना पुलिस मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### यमुना किनारे बाढ़ बचाव कार्यों का विस अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कुंडा कलां गांव में यमुना किनारे चल रहे बाढ़ बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अनुसार, गांव में करीब 1.73 करोड़ रुपये की लागत से 1250 फुट लंबे पांच स्टोन स्टड बनाए जा रहे हैं, साथ ही 250 फुट रेवेटमेंट का कार्य भी चल रहा है। जिले में यमुना क्षेत्र में लगभग 35 करोड़ रुपये के बाढ़ सुरक्षा कार्य जारी हैं।

### अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर तीन जगह तोड़फोड़ कार्रवाई



**करनाल।** करनाल में जिला योजनाकार विभाग ने पुलिस और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गांव जमालपुर और पुण्डरी क्षेत्र में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त किया गया। जमालपुर में करीब साढ़े तीन एकड़ क्षेत्र में तीन डीपीसी, चारदीवारी और कच्ची सड़कें तोड़ी गईं। वहीं पुण्डरी के गढ़ी सनराई रोड और पानीपत रोड क्षेत्र में भी कई अवैध निर्माण गिराए गए।

### 65 शोध परियोजनाओं में से 23 का नेतृत्व महिला प्रधान अन्वेषक कर रही

*स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर हो रहा अत्याधुनिक शोध*

## महिला संकाय सदस्य शोध, उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन में निभा रही अग्रणी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महिला संकाय सदस्य अनुसंधान उत्कृष्टता, नवाचार और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक शक्ति बनकर उभर रही हैं। विश्वविद्यालय की महिला शिक्षिका न केवल उच्च स्तरीय शोध परियोजनाओं का सफल नेतृत्व कर रही हैं, बल्कि युवा शोधार्थियों और छात्राओं को भी वैज्ञानिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में प्रेरित कर रही हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि विश्वविद्यालय की महिला संकाय सदस्य ज्ञान, अनुसंधान और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। महिला शोधकतार्ओं की प्रतिबद्धता, नेतृत्व क्षमता और नवाचार आधारित दृष्टिकोण विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला रहा है। महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ उनका शोध कार्य विकसित भारत-





2047 के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि विश्वविद्यालय में नवाचार एवं शोधोन्मुख वातावरण तैयार किया गया है, जहां महिला वैज्ञानिकों और शिक्षकों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं। यही कारण है कि विश्वविद्यालय की महिला संकाय आज बहु-संस्थागत अनुसंधान परियोजनाओं का सफल नेतृत्व कर रही हैं। विश्वविद्यालय में विभिन्न वित्तपोषण एजेंसियों द्वारा स्वीकृत 65 शोध परियोजनाओं में से 23 परियोजनाओं का नेतृत्व महिला संकाय प्रधान अन्वेषक के रूप में कर रही हैं, जबकि 3 परियोजनाओं में वे सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में योगदान दे रही हैं। इनमें से 16 परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी हैं तथा 6 परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की सशक्त अनुसंधान संस्कृति और महिला नेतृत्व की सफलता को दर्शाती है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि भौतिकी विभाग की प्रो. सुमन मेंहदिया स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अत्याधुनिक शोध कार्यों का नेतृत्व कर रही हैं। उनके शोध में फोटो-इलेक्ट्रोकेमिकल जल-विभाजन द्वारा हाइड्रोजन उत्पादन, सुपरकैपेसिटर एवं बैटरियों के लिए ऊर्जा भंडारण और पॉलिमरिक अपशिष्ट को उच्च मूल्य के कार्बन नैनोमैटेरियल में परिवर्तित करने जैसे नवाचार शामिल हैं।

### महिलाएं अनुसंधान में नए आयाम स्थापित कर रही



कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला संकाय की उपलब्धियां यह सिद्ध करती हैं कि जब महिलाओं को अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन मिलता है तो वे शिक्षा, अनुसंधान और समाज निर्माण के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करती हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी महिला शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और अनुसंधान के नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## गलत नंबर लगाकर 17 लाख में बेच दी कार

- आरोपी ने गाड़ी को यूरो-4 बताकर पंजाब से ट्रांसफर कराने का दिया था झांसा
- पंचायत के बाद आरोपी गाड़ी वापस ले गया, लेकिन रुपये लौटाने से मुकर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर थाना क्षेत्र में गलत नंबर लगाकर कार बेचने और लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी गांव संधाला निवासी राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला करनाल के गांव कलरा जागीर निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादीपुर स्थित राधा रानी प्रिंटिंग यार्ड के नाम से यार्ड चलाता है और श्रीराम जनरल इंश्योरेंस में एजेंट कोड भी है। करीब एक साल पहले उसकी मुलाकात अपने रिश्तेदार प्रवीण कुमार से हुई थी। उसी दौरान राजकुमार अपनी कार लेकर वहां आया था। कुछ समय बाद प्रवीण कुमार ने उसे इनोवा या फॉर्च्यूनर गाड़ी दिलाने की बात कही। इस पर राजकुमार ने अपनी कार बेचने की बात कही। रादौर अनाज मंडी में हुई मुलाकात के दौरान 17 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। आरोप है कि पांच लाख रुपये मौके पर दे दिए गए और बाकी रकम गाड़ी ट्रांसफर होने के बाद देने की बात तय हुई। उसने बताया कि बाद में राजकुमार ने कहा कि गाड़ी यूरो-4 है और करनाल में एनसीआर नियमों के कारण ट्रांसफर नहीं हो सकती। उसने पंजाब में सीओ के जरिए ट्रांसफर कराने का भरोसा देकर बाकी रकम भी ले ली। इसके बावजूद महीनों तक गाड़ी ट्रांसफर नहीं कराई गई। गौरव ने बताया कि छह अप्रैल 2026 को जगाधरी डीएसपी कार्यालय से फोन आया कि इसी नंबर की गाड़ी कहीं और भी चल रही है और असली मालिक ने शिकायत दी हुई है। इसके बाद राजकुमार से जवाब मांगा गया तो उसने गाड़ी सही होने का दावा किया। कई पंचायतें भी हुईं। 25 अप्रैल 2026 की पंचायत में राजकुमार गाड़ी वापस ले गया और रुपये लौटाने का आश्वासन दिया।

**खबर संक्षेप**

## ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल को समर्थन

**करनाल।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन ने हरियाणा के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार से उनकी मांगें जल्द पूरी करने की मांग की है। यूनियन के राज्य अध्यक्ष जगमाल सिंह और राज्य महासचिव राजेंद्र ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि सरकार एक ओर स्वच्छता अभियान की बात करती है, वहीं सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों की भी अनदेखी की जा रही है। यूनियन नेताओं ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 16 और 17 मई को प्रदेशव्यापी हड़ताल की थी, लेकिन सरकार की बेरुखी के कारण आंदोलन को 20 मई तक बढ़ाना पड़ा।

## एचपीएससी भर्ती प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस ने पंचकूला में एचपीएससी भर्ती प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है।

यूथ कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रदेश वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार से दूर रखने के लिए नए-नए तरीके अपना रही है और आवाज उठाने पर पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एचपीएससी के चेयरमैन दूसरे राज्य से होने के कारण हरियाणा के युवाओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

मुकेश चौधरी ने कहा कि ग्रुप-ए और ग्रुप-बी भर्तियों में 35 प्रतिशत क्राइटेरिया लागू करना भी युवाओं के हित में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को अधिक अवसर दिए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के युवाओं में रोष है।

## मेधावी छात्रों को 31 को किया जाएगा सम्मानित

**करनाल।** ब्राह्मण कल्याण मंच की बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जिले के मेधावी ब्राह्मण विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रधान ऋषि दयानंद शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि सीबीएसई, हरियाणा बोर्ड, आईसीएसई और आईसीएस बोर्ड के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## 194 दिव्यांगजनों को दी सहायक सामग्री

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया किया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में होटल मिड टाउन में कृत्रिम अंग एवं सहायक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों और जरूरतमंद लोगों को बेहतर इस अवसर पर समग्र शिक्षा कुरुक्षेत्र द्वारा चिन्हित पात्रों को भी सहायक सामग्री और कृत्रिम अंग वितरित किए गये। जरूरतमंद 194 लोगों को व्हीलचेयर, बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, टायलेट व्हीलचेयर, बैसाखियां, श्रवण यंत्र तथा अन्य सहायक उपकरण वितरित किए।

### घरौंडा की अनाजमंडी में शिव महापुराण कथा आयोजित

# भगवान के दरबार में कोई वीआईपी नहीं वे सिर्फ सच्चे भाव के भूखे : पंडित मिश्रा

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| घरौंडा/करनाल

- जल अर्पित करने के बाद नंदी के पास बैठकर आत्मचिंतन जरूर करें

घरौंडा की अनाज मंडी में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को भक्ति और सदाचार का गहरा संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा शिव के दरबार में कोई वीवीआईपी नहीं होता। शिव केवल श्रद्धा और भाव के भूखे हैं। आत्मचिंतन और निष्काम कर्म ही सच्ची शिव भक्ति

पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण की विद्धेश्वर संहिता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान शिव केवल सच्चे भाव के भूखे हैं। उन्होंने बेलपत्र का उदाहरण देते हुए समझाया( बेलपत्र कैसा भी हो, चाहे उसके तीनों पत्ते अलग-अलग ही क्यों न हो जाएं, फिर भी वह महादेव को स्वीकार होता है। इससे हमें यह सीख मिलती है कि भगवान के लिए हमारी आंतरिक भावना सबसे महत्वपूर्ण है, न कि कोई बाहरी रूप-रंग या दिखावा।

उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जब भी कोई व्यक्ति भगवान शिव को जल चढ़ाने मंदिर जाए, तो जल अर्पित करने के बाद नंदी के पास बैठकर आत्मचिंतन जरूर करे।

मनुष्य के मन में हमेशा यह भाव होना चाहिए कि उसके शरीर, चित्त और बुद्धि से कभी किसी का बुरा न हो। एक सच्चा शिव भक्त अपने हर अच्छे कार्य को भगवान को समर्पित करता ही है, साथ ही यदि उससे अनजाने में कोई गलती या बुरा कर्म हो जाए, तो उसे भी वह भगवान के चरणों में सौंपकर क्षमा मांग लेता है।



घरौंडा। अनाज मंडी में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा व श्रद्धालु।

### कार्यक्रम में रहीं अव्यवस्थाएं

कथा में जहाँ एक तरफ भक्ति का माहौल रहा, वहीं दूसरी तरफ आयोजन स्थल पर कई तकनीकी और प्रबंधकीय कमियां देखने को मिलीं, जिससे श्रद्धालुओं और मीडिया कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कथा के दौरान साउंड सिस्टम में लगातार तकनीकी समस्या आती रही। स्पीकर से बार-बार सीटी (व्हिसल) जैसी आवाज आने के कारण श्रद्धालुओं तक प्रवचन की आवाज साफ नहीं पहुंच पा रही थी। स्थिति को संभालने के लिए पंडित प्रदीप मिश्रा को कई बार स्वयं "शंभू-शंभू" का उच्चारण करना पड़ा।बार-बार आ रही इस बाधा पर उन्होंने साउंड ऑपरेटर्स से सीधे मंच से पूछा, तुमको कितने साल हो गए साउंड चलाते हुए? उनके इस सवाल में साफ तौर पर नाराजगी झलक रही थी कि समस्या को ठीक नहीं किया जा सका।

### विधानसभा अध्यक्ष ने की समीक्षा

**घरौंडा/करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने घरौंडा अनाज मंडी में 17 से 23 मई तक चल रही शिव महापुराण कथा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अधिकारियों और कथा प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में आयोजित शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह धार्मिक आस्था और श्रद्धा से जुड़ा बड़ा आयोजन है, इसलिए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बढ़ती भीड़ को देखते हुए कथा स्थल का दायरा बढ़ाने तथा वहां साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि कथा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और निर्बाध बिजली व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त बस सेवाएं चलाई जाएं। उन्होंने पंडाल में पंखों, कूलरों और साउंड सिस्टम की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाने के भी निर्देश दिए ताकि दूर बैठे श्रद्धालु भी कथा का श्रवण कर सकें। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए तिरंगा ढाबा और क्राउन सिटी के पास विशेष पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं का भी आह्वान किया कि वे गर्मी के मौसम को देखते हुए प्याऊ और भंडारे लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग करें तथा धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

# ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के विरोध में दवा दुकानें रहीं बंद

- बुजुर्गों और मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन के आह्वान पर बुधवार को तरावड़ी शहर के केमिस्टों ने एक दिवसीय हड़ताल कर ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। हड़ताल के चलते शहर की सभी दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे आम नागरिकों को दवाइयां खरीदने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही दवा दुकानों के शटर बंद नजर आए और बुजुर्गों और मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कई लोग जरूरी दवाइयों के लिए अन्य शहरों की ओर रुख करते नजर आए। तरावड़ी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री से स्थानीय केमिस्टों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना किसी उचित रिकॉर्ड के दवाइयां बेची जा रही हैं, जिससे अवैध और नकली दवाइयों की सप्लाई का खतरा भी बढ़ गया है। सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ न हो और स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिल सके। हड़ताल के दौरान शहर के सभी केमिस्टों ने एकजुटता दिखाते हुए अपना समर्थन दिया।



तरावड़ी। शहर के दवाई विक्रेता हड़ताल करके सरकार से ऑनलाइन दवाइयां पर रोक लगाने की मांग करते हुए।

# टैगिंग और घटिया उत्पाद बेचने की शिकायत पर की चर्चा



- खाद विक्रेताओं ने कृषि अधिकारी से की कार्रवाई की मांग

**करनाल।** जिला फर्टिलाइजर पैसटिसाईडज एवं सीड ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान राम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कृषि अधिकारी डॉ. वजीर सिंह से मुलाकात कर खाद विक्रेताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। करीब 10 दिन पहले निसिंग ब्लॉक के 25 डीलरों ने करनाल के एक थोक खाद विक्रेता के खिलाफ खाद के साथ जबरन टैगिंग करने और घटिया उत्पाद बेचने की शिकायत कृषि विभाग को साक्ष्यों सहित दी थी। डीलर इस मामले में वकार्रवाई की जानकारी लेने पहुंचे थे। जिला प्रधान राम कुमार गुप्ता ने कहा कि कृषि उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ जल्द विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थोक विक्रेताओं से भी अनावश्यक टैगिंग से बचने और आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की।

# मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहा : विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कथा स्थल रुक्मिणी विहार में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण राधे-राधे व जय श्रीकृष्ण के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। यह कथा लीलावती धाम के भव्य शुभारंभ अवसर पर श्रीराम राईस ग्रुप तरावड़ी की ओर से करवाई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सुप्रसिद्ध कथाव्यास परम पूज्य श्री विवेक महाराज का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कथाव्यास परम पूज्य श्री विवेक जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस की कथा में श्रद्धालुओं ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत संगम देखा। कथा व्यास आचार्य विवेक महाराज ने तीसरे दिन की कथा में ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद भक्ति और भगवान की कृपा के प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान आचार्य विवेक ने बताया कि ध्रुव जी ने किस प्रकार बाल्यावस्था में ही अटूट श्रद्धा और तपस्या के बल पर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और ध्रुव पद को प्राप्त किया।

# विदेशों में तरावड़ी के उच्च क्वालिटी के बासमती चावल की मांग : गोयल

- उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया कर्मचारियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी शहर की राइस मिलों में तैयार होने वाले बासमती चावल देश विदेश मे मशहूर है। इसका श्रेय यहां के चावल निर्माताओं को जाता है जोकि अच्छी क्वालिटी का धान खरीद कर आधुनिक मशीनों द्वारा चावल तैयार करके विदेशो मे भेजते है। तरावड़ी शहर का का चावल दुबई, ईरान, सऊदी, अरब, यमन जैसे देशों में जाता है । चावल की बढिय़ा क्वालिटी बनाकर पहचान बनाने में मुकाम हासिल किया है तो इसके पीछे चावल व्यापारियों की मेहनत व लगन है। शहर की राइस मिलों में तैयार होने वाले बासमती के चावल की मांग विदेशों में हर समय बनी रहती है जब तक आपके धान की बढिय़ा क्वालिटी नहीं होगी तब तक आप बढिय़ा क्वालिटी का बासमती चावल नहीं बना सकते। इस शहर का चावल व्यापारी चावल की क्वालिटी में किसी तरह का कोई समझौता नहीं करता इसकी वजह से उक्त देशों में शहर की मिलों में तैयार होने वाले चावल की मांग हर समय बनी रहती है। चावल एक्सपोर्टर डबल चाबी चावल के निर्माता बृजभूषण गोयल, उद्योगपती वेद सलूजा का कहना है अगर हम चावल एक्सपोर्ट में सफल हो पाए हैं तो इसके पीछे चावल की बढिय़ा क्वालिटी है हम हर चीज में समझौता कर सकते हैं लेकिन चावल की क्वालिटी में कभी समझौता नहीं करते।



**न्यूज डायरी**

## बर्तन वाले की दुकान में लगी आग, सामान खाक

**करनाल।** घरौंडा के मेन बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक प्रसिद्ध बर्तन की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। बाजार के अन्य दुकानदारों में इस घटना के बाद से भारी डर और चिंता का माहौल है। घटना के तुरंत बाद दमकल विभाग को सूचित किया गया, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी। इस दौरान स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने सूझबूझ दिखाई और नगरपालिका के ट्रैक्टर-टैंकर की मदद से अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी देर बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद पूरी तरह आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकानदार कलीराम ने बताया कि दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया है।

## कथा में सक्रिय हुआ महिला चोर गैंग

**करनाल।** नई अनाज मंडी में आयोजित पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा के दौरान भारी भीड़ का फायदा उठाकर शातिर चोरों ने लाखों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। कथा और कलश यात्रा के अलग-अलग दिनों में चोरों ने मुख्य रूप से महिलाओं को निशाना बनाया और उनके गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र और लॉकेट उड़ा लिए। सभी मामलों को मिलाकर अब तक करीब साढ़े 4 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी होने का अनुमान है। गहनों के अलावा चोरों ने वाहनों पर भी हाथ साफ करना शुरू कर दिया है। गांव बिरचपुर निवासी सोमदत्त की स्कूटी अनाज मंडी के मुख्य गेट से गायब मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश करने के बाद भी स्कूटी का कोई सुराग नहीं लगा।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक सम्मानित

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनगणना 2027 के प्रथम चरण गृह सूचीकरण एवं आवास जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रगणकों को सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में से एक है। इसी के आधार पर सरकार भविष्य की योजनाएं, नीतियां और विकास कार्य तय करती है। उन्होंने कहा कि फील्ड में जाकर सटीक जानकारी जुटाने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र हैं, जिनकी मेहनत से जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन संभव हुआ। उन्होंने कर्मचारियों से भविष्य में भी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ सरकारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नीलम रानी, अनीता तनेजा, सुरेंद्र, विकास, प्रमोद कुमार, नवजोत कौर, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, ममता देवी, पूजा शर्मा, रिम्पी देवी, रतन कुमार, सोमपाल, मुकेश कुमार, ममता, साहिल, प्रदीप कुमार, जसबीर सिंह, किरन कुमारी और मंजू देवी सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## बरामद हुए शव की मर्डर मिस्ट्री में उलझी पुलिस

**करनाल।** करनाल के बसताड़ा के पास झाड़ियों में मिले एक अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस की तफ्तीश एक बेहद उलझी हुई मर्डर मिस्ट्री में बदल गई है। मृतक की पहचान पंजाब के होशियारपुर निवासी मानव के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले और किसी फिल्मी स्क्रिप्ट की तरह नजर आ रहे हैं। मानव को 15 मई की रात दिल्ली से थाईलैंड के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन उड़ान भरने से ठीक 4 घंटे पहले वह अपने होटल से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गया। अगले दिन उसका शव करनाल के पास बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मानव की पत्नी रेशमी मलेशियाई मूल की है। 15 मई की सुबह मानव अपनी पत्नी और जुड़वा बेटों को छोड़ने दिल्ली एयरपोर्ट गया था, जहां से वे सुबह की फ्लाइट से मलेशिया के लिए रवाना हो गए। पत्नी और बच्चों के टिकट सीधे मलेशिया के थे, जबकि मानव का टिकट वाया थाईलैंड का था। पुलिस अब इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि आखिर मानव का रूट अलग क्यों था? क्या उसे थाईलैंड में कोई खास काम था या फिर इस पूरे ट्रैवल प्लान के पीछे किसी एजेंट की कोई संदिग्ध भूमिका थी?

## हर गांव को आत्मनिर्भर बनाना ही विजन : चौहान

**शाहबाद।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डा. वीरेंद्र सिंह चौहान बुधवार को शाहाबाद पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा नेता सुभाष कलसाना के कार्यालय पर पहुंचकर ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का भाजपा नेता सुभाष कलसाना और कार्यकतार्ओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। डा. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि गांवों में पारदर्शिता, विकास और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन है कि हर गांव आत्मनिर्भर और आधुनिक बने तथा पंचायतें विकास की धुरी के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीण स्वयं विकास योजनाओं में भागीदारी निभाते हैं तो गांव तेजी से आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि शाहाबाद के गांव कलसाना सहित कुरुक्षेत्र जिले के पांच गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया, जहां लोगों को पंचायतों की शक्तियों और ग्रामीण विकास योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्रामीण विकास संस्थान से प्रशिक्षित प्रशिक्षु सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगें और ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं के प्रति जागरूकता लाने का काम करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि डा. वीरेंद्र सिंह चौहान का शाहाबाद आगमन क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर सरपंच विक्रम अटवान, पार्षद दीपक आनंद, पूर्व प्रिंसीपल राजकुमार भाटिया, एडवोकेट मनदीप रावा, तिलक राज नलवी, राजकुमार, संदीप अरूप नगर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला पंचायत भवन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने की। कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों के साथ-साथ नीट पेपर रद्द मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। पंचायत भवन से लघु सचिवालय कांग्रेस तक पैदल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। इस दौरान कार्यकतार्ओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लघु सचिवालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### विस अध्यक्ष ने कम्युनिटी सेंटर में विशेष शिविर का निरीक्षण किया

# स्लम एरिया के बच्चों का पुनर्वास बेहतर पहल

- विशेष शिविर में बच्चों के दस्तावेज, स्वास्थ्य जांच और स्कूल दाखिले पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगाया गया विशेष शिविर बेहद सराहनीय कदम है। इससे गरीब और उपेक्षित बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का अवसर मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष सेक्टर-33 स्थित कम्युनिटी सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला बाल संरक्षण यूनिट द्वारा आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों के काउंटरों का दौरा किया, कर्मचारियों से जानकारी ली तथा बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य ऐसे बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरी दस्तावेजों से जोड़ना है, जो अब तक सरकारी योजनाओं से वंचित रहे हैं। कई परिवारों के पास आधार कार्ड तक नहीं हैं और बड़ी संख्या में बच्चे कभी स्कूल नहीं गए। स्वास्थ्य जांच में कुछ बच्चों में कुपोषण और नशे की लत जैसी समस्याएं भी सामने आई हैं।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, क्रीड, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण यूनिट सहित कई विभागों ने भाग लिया। डब्ल्यूसीडी विभाग की ओर से 181 बच्चों का पंजीकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच की, जबकि 130 बच्चों को आयरन एवं पेट के कीड़ों की दवा वितरित की गई। दो बच्चों को चर्म एवं दंत रोग उपचार के लिए सिविल अस्पताल रेफर किया गया। क्रीड विभाग की ओर से 38 बच्चों के मौके पर आधार कार्ड बनाए गए।

शिविर में 43 छोटे बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों तथा 71 बच्चों को स्कूलों में दाखिले के योग्य पाया गया। संबंधित विभागों को इनके प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया तथा 124 बच्चों की एचआईवी काउंसलिंग भी की गई।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, सहायक आयुक्त (प्रशिक्षणाधीन) सोहम शैलेंद्र, मार्केट कमेटी घरौंडा के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## सीजेएम ने लीगल सर्विस क्लिनिक का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज द्वारा लाडवा के गांव मेहरा में स्थित लीगल सर्विस क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस निरीक्षण के दौरान कक्षा 10वीं एवं 11वीं की छात्राओं से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें पॉक्सो अधिनियम के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने छात्राओं को बाल सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अभियान सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को विद्यालय में स्थापित हेल्प बॉक्स के महत्व के बारे में भी बताया तथा इसके उपयोग की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्हें नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी भी दी गई।

## खबर संक्षेप

### पेरलल नहर में मुरारी का भी शव मिला

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह के पास दिल्ली पेरलल नहर में लापता हुए करनाल के असंध के व्यापारी मुरारी लाल गोयल का शव बुधवार को गांव मोई जिला सोनीपत के रकबे में बह रही नहर से बरामद हुआ। जबकि इनकी पत्नी कमलेश का शव पहले से बरामद हो चुका है। मुरारी व कमलेश पूजा के लिए नहर पर आए थे और इस दौरान दोनों नहर में बह गए थे। इधर, इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद कमलेश व मुरारी के शव उनके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस टीम ने ग्रामीणों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने अजीजुल्लापुर व बिचपड़ी गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को बताया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसके मद्देनजर मादक पदार्थों से दूर रहना चाहिए।

### जिला जेल में लगी लोक अदालत

**पानीपत।** जिला जेल, सिवाह में बुधवार को जेल लोक अदालत का मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई। जेल लोक अदालत में चोरी से संबंधित एक मामले की सुनवाई की गई। मामले को आपसी सहमति और कानूनी सहायता के माध्यम से निपटा कर विचाराधीन कैदी को जेल से रिहा किया। इस दौरान सचिव ने जेल में बंद कैदियों से बातचीत भी की तथा उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं, ताकि सभी बंदियों को कानूनी सहायता और न्याय मिल सके।

### समाधान शिविर कल

**पानीपत।** संपदा अधिकारी प्रतीक हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि जो औद्योगिक प्लाट हशविप्रा पानीपत से एचएसआईआईडीसी पानीपत को ट्रांसफर किए गए हैं उन अलाटियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए 22 मई, 22 जून, 22 जुलाई को शिविर का आयोजन प्रशासक, हशविप्रा रोहतक कार्यालय में आयोजन होगा।

### प्रचंड गर्मी से बचाव करें

**पानीपत।** पानीपत जिला में लगातार बढ़ते तापमान और प्रचण्ड गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने नागरिकों के भीषण गर्मी से बचाव करने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में तापमान और बढने की संभावना है, जिससे लू का खतरा और अधिक गहरा हो सकता है।

### शिक्षकों ने योग सीखा

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए के आर्य कॉलेज में बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। वहीं, आर्य कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. रजनी शर्मा ने बताया कि आयुष योग सहायक संदीप, रिशपाल, दिनेश, दीपक, गीता, मंजू, नीरज, सतीश, कुलदीप, प्रवीण, सुमन, पंकज और बहादुर ने भी ग्राउंड पर मौजूद रहकर सभी शिक्षकों को योग की विभिन्न मुद्राओं और प्राणायाम का सटीक अभ्यास कराया।

### रोग मुक्ति को योग कक्षा शुरू

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि किसान समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सुखदेव नगर पार्क में पांच दिवसीय विशेष रोग अनुसार योग शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आए योगाचार्य रजनीश ने शरीर के सभी अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्रियाएं एवं व्यायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर अशोक अरोड़ा, रामपाल, बलवान शर्मा, विजय, अशोक अरोड़ा, नारंग सिंगल, रमेश कपूर, नीना सिंगल, सुदेश, सुनीता खुराना, मधु, वीरेंद्र सिंगल, जितेंद्र जुनेजा, संजय मल्होत्रा, राममेहर कौशिक, बिजेंद्र कौशिक व रंजीत डाबर आदि उपस्थित रहे।

---

## प्राइवेट स्कूल बसों की एक जुलाई से होगी विशेष जांच

# बच्चों को सुरक्षित माहौल देने के लिए एक्शन प्लान तैयार

**स्कूल से लेकर जिला स्तर पर बनेगी सेफ्टी कमेटियां, हर स्कूल में सीसीटीवी, महिला स्टाफ व काउंसलर अनिवार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। स्कूलों में सुरक्षित माहौल बनाने को एक्शन प्लान तैयार करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को आयोजित जिला स्कूल सुरक्षा कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्कूल बसों की निगरानी व्यवस्था, छात्राओं की सुरक्षा जागरूकता तथा सुरक्षित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने को लेकर विस्तारपूर्वक मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में 20 सूत्रीय एजेंडा पर गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किए गए। वहीं उपायुक्त ने कहा कि पानीपत जिले के सभी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से काम कर रहा है। खासतौर पर छात्राओं को गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बच्चे हर परिस्थिति में सतर्क और जागरूक रह सकें। प्राइवेट स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वहीं, एक जुलाई से जिले भर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बसों में सीसीटीवी कैमरे, फस्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी डोर सहित सभी सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। साथ ही स्कूल बस चालकों के ड्रग टेस्ट भी करवाए जाएंगे। स्कूलों में एंटी-बुलिंग जागरूकता, महिला सुरक्षा, रोड सेफ्टी और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे।

### सुरक्षा व्यवस्था से समझौता बर्दाश्त नहीं

डीसी डॉ. दहिया ने निर्देश दिए कि स्कूलों के प्रवेश और निकास द्वार, सभी कॉरिडोर, लाइब्रेरी, शौचालयों के प्रवेश द्वार तथा बसों के एकत्रित होने वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। वहीं, स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्कूल बसों में प्रशिक्षित और योग्य चालक व परिचालक होने चाहिए। बसों की खिड़कियों पर सुरक्षा ग्रिल, सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर और इमरजेंसी डोर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बसों की नियमित जांच की जाएगी ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही सामने न आए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिदिन सुबह और लंच ब्रेक के बाद कक्षा अध्यापक द्वारा अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए।

### पहचान पत्र जारी करने के निर्देश

सभी स्कूल कर्मचारियों को भी पहचान पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, हर कक्षा में ऐसी खुली खिड़कियां होनी चाहिए जिनसे कक्षा के भीतर की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। स्कूलों में लडकों और लड़कियों के लिए साफ सुथरे अलग-अलग शौचालय, शिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शौचालय प्रबंधन में केवल महिला स्टाफ ही लगाया जाए तथा स्कूल परिसर में इस प्रकार की सपोर्ट सेवाओं में पुरुष कर्मचारियों की नियुक्ति न की जाए। बैठक में बच्चों को बुलिंग, शारीरिक एवं यौन शोषण के प्रति जागरूक करने, जेंडर सेंसिटाइजेशन तथा गुड टच-बैड टच जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां देने पर जोर दिया गया। उन्होंने लड़कियों के स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं, ब्लॉक और जिला स्तर की टीमें समय-समय पर स्कूलों का निरीक्षण करेंगी और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करेंगी।

---

## राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन


पानीपत। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

- पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में वृद्धि के कारण हर जरूरत की वस्तु महंगी हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत शहरी व ग्रामीण कांग्रेस ने बुधवार को बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि, बेरोजगारी, नीट पेपर लीक एवं एचपीएससी में युवाओं के साथ अन्याय होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को शहरी में जुलूस निकाला और जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम मनदीप कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इधर, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में वृद्धि के कारण हर जरूरत की वस्तु महंगी हो चुकी है, वहीं, भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। युवाओं के मुद्दों को उठाते हुए रमेश मलिक ने कहा कि नीट पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में लगातार सामने आ रहे विवादों ने युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। हरियाणा में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और एचपीएससी से जुड़े मामलों ने युवाओं के विश्वास को कमजोर किया है। प्रदर्शन में पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, वरिंदर पाल शाह, दीपक खटकड़, कंवर सिंह छोक्कर, खुशीराम जागलान, ओमवीर पंवार, सतपाल वाल्मीकि, स. बलजीत सिंह, बलवान वाल्मीकि, राकेश चुघ, शशि लूथरा, सुभाष भठला, डॉ जगबीर पार्षद, धर्मपाल गुप्ता, नरेंद्र सूरा, रूबल संधू, मोहकम छोक्कर, बलजीत सारसर समेत बडी संख्या में कांग्रेसियों ने भाग लिया।

---

# स्प्लेंडर फ्लैट्स में मेंटेनेंस शुल्क विवाद पर प्रशासन सख्त

- डीटीपी व रेजिडेंट्स प्रतिनिधियों के बीच जिला सचिवालय में बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। डीटीपी व स्प्लेंडर फ्लैट्स रेजिडेंट्स बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्प्लेंडर पानीपत फ्लैट्स में कथित रूप से अनुचित मेंटेनेंस शुल्क के मामले को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में डीटीपी (प्लानिंग) तथा फ्लैट निवासियों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। बैठक में स्प्लेंडर फ्लैट्स निवासियों द्वारा लगाए गए मेंटेनेंस शुल्क, सुविधाओं में कमी तथा पारदर्शिता के अभाव से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान फ्लैट निवासियों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर अनावश्यक शुल्क की मांग की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुल्क के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं और कई मामलों में निवासियों को उचित जानकारी भी नहीं दी जा रही।

### भक्त संदीप पुनिया की पंच धूनी तपस्या शुरू

**समालखा।** ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी और तपती धूप में भगत संदीप पुनिया नाथ जी द्वारा 11 दिन की अखंड पंच धूनी तपस्या शुरू कर दी गई है। शहर के रेलवे लाइन पार हनुमान कॉलोनी वार्ड नंबर 16 में भगत जी दोपहर के समय पांच धूनें चालू करके उनके बीच बैठकर तपस्या करते हैं। स्मरणीय है कि भक्तजी द्वारा यह तपस्या साल में चार बार तपस्या की जाती हैं। जिनमें सर्दियों में शीत जल धारा तपस्या, मौन व्रत तपस्या और खड़े रहने की तपस्या भी शामिल है। इससे अलग भी जागरण, भंडारे व कीर्तन करवाते रहते हैं। भगत जी से उनका उद्देश्य पूछने पर उन्होंने बताया कि वह लोगों की सुख शांति व समृद्धि के लिए तपस्या करते हैं।

# वोटर लिस्ट में सुधार की तैयारी शुरू

- चुनाव आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची की विश्वसनीयता व गुणवत्ता बढ़ाना है-डॉ दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। मतदाता सूची में सुधार व पारदर्शिता को लेकर बैठक करते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्री निवास ने वीसी के माध्यम से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मतदाता सूची में सुधार व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विरेंदर दहिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिले की स्थिति से अवगत कराया हुआ आश्वासन दिया कि उनके मार्गदर्शन में बेहतर परिणाम दिए जाएंगे। उन्होंने जिले में विशेष गहन सुधार को लेकर प्रभावी बनाने के लिए अहम दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि साप्ताहिक एवं प्रादेशिक अभियान जैसी गतिविधियां, जैसे घर-घर दौरा और जनजागरूकता अभियान जारी हैं। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रतिदिन सुबह नौ से शाम पांच बजे तक जिला कॉल केंद्र सक्रिय रहेगा। डॉ. दहिया ने बताया कि पांच से 11 जून तक सभी मतदान सहायता अधिकारी को 50-50 के समूह में प्रशिक्षण दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य मतदाता सूची की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को बढ़ाना है।

---


पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, मॉडल टाउन में भजन गाते श्रद्धालु।

## अहंकार के त्याग से ही प्रभु की कृपा मिलती है: शास्त्री

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, मॉडल टाउन के तत्वावधान में आयोजित पावन 'पुरुषोत्तम मास कथा' के चौथे दिन मंदिर परिसर में भक्ति का अनुपम प्रवाह देखने को मिला। कथा के चतुर्थ दिवस पर व्यास पीठ से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान पुरुषोत्तम श्री हरिकी अद्भुत महिमा का गुणगान किया। वहीं, मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने श्रद्धालुओं के साथ दीप प्रज्वलित कर कथा का शुभारंभ करवाया। जबकि शास्त्री ने कहा कि पुरुषोत्तम मास मलमास में की गई भक्ति, दान, दया का फल अनंत गुना मिलता है। वहीं, उन्होंने नागरिकों से अहंकार का त्याग कर ईश्वर की कृपा का पात्र बनने की सलाह दी।

# दिव्यांग को सहायक उपकरण भेंट किए

- सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा एवं दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। दिव्यांग विद्यार्थी को ट्राई साइकिल भेंट करते शिक्षा विभागाधिकारी।

समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री योजना के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु जरूरी सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन समग्र शिक्षा के तहत पीएमश्री स्कीम के तहत पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर के दौरान 165 विद्यार्थियों को व्हील चेयर, मोटराइज्ड चेयर, सीपी चेयर, रोलेटर्स, कैलीपर्स, केएफ ओ, हियरिंग एड्स, टीएलएम किट, बैसाखी, वीआई किट एवं ट्राई साइकिल आदि वितरित किए गए। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा एवं दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विशेष अध्यापक बलराज, प्रदीप, विनोद, सुशीला, पूनम, सुनील, संदीप, अमित दलाल, मदन व आजाद सिंह आदि उपस्थित रहे। जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा पानीपत मनीष कुमार एवं एसीपी कुलभूषण जैन सभी संबंधित अधिकारियों, विशेष अध्यापकों एवं सहयोगी स्टाफ का शिविर को सफल बनाने पर आभार व्यक्त किया।

# इनेलो के राष्ट्रीय सचिव बने डॉ. नवीन नैन

- पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


डॉ.नवीन नैन भालसी

इनेलो हाईकमान ने डॉ.नवीन नैन भालसी को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। वहीं डॉ. नैन की इस नियुक्ति से पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। स्मरणीय है कि डॉ.नवीन नैन भालसी पांच बार युवा इनेलो के जिला अध्यक्ष पानीपत के रूप में जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इसके बाद पार्टी ने उनकी कार्यशैली, जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें राज्य युवा इकाई में प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी थी। अब पार्टी के राष्ट्रीय अ ध्य क्ष चौ. अ भ य चौटाला व प्रदेश अ ध्य क्ष चौ.रामपाल माजरा ने डॉ नवीन नैन भालसी को राष्ट्रीय सचिव जैसे अहम पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इधर, डॉ. नैन ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनसेवा और संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारी को और अधिक मजबूत करने का अवसर है।

---

## प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक अपने स्कूलों में टीचर्स एंड स्टूडेंट्स को करवाएंगे योगाभ्यास

# आयुष विभाग ने शिक्षकों को दी योग की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। आयुष विभाग के ट्रेनर, शिक्षकों को योगाभ्यास करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत आयुष के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में श्रीराम गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया।

वहीं कार्यक्रम में मडलौडा ब्लॉक के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के पीटीआई व डीपीई को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, वैश्य कॉलेज समालखा व गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल गांव इसराना में पीटीआई व डीपीई को योग प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण लेने वाले अध्यापक अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों और स्टॉफ को योग प्रशिक्षण देंगे। इधर, प्रशिक्षण शिविर मडलौडा में आयुष विभाग से योग शिक्षक सतीश कुमार, कुलदीप नरवाल व प्रवीण जांगड़ा उपस्थित रहे।

# रोहतक हाईवे पर पिलर्स पर बने पुल, नौल्था गांव के ग्रामीणों ने पंचायत की, कमेटी बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना


पानीपत। गांव नौल्था में पंचायत करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर गांव नौल्था में प्रस्तावित पुल निर्माण को लेकर पाना नरवान चौपाल में पंचायत का आयोजन हुआ। वहीं, ग्रामीणों ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से आग्रह किया जाएगा कि हाईवे पर नौल्था के रकबे में जितने भी पुलों का निर्माण हो वह पिलर्स पर हो, ताकि पुल निर्माण से दुकानदारों के कामकाज प्रभावित ना हो। वहीं, मांग पूरी कराने के लिए ग्रामीणों की कमेटी बनाई गई। कमेटी में प्रधान राजकुमार, उपप्रधान जितेंद्र उर्फ काला, खजांची धर्मवीर सिंह व सेक्रेटरी विजय धीमान और राजकुमार , सुभाष जागलान, फूल सिंह, शीलक सिंह, रामचंद्र शर्मा, रणबीर जागलान, रघुवीर कंडक्टर व बलराज सिंह को सदस्य बनाया गया है। बैठक में चौबीसी के प्रधान नौल्था के सरपंच बलराज जागलान, नौल्था डुंगरान के सरपंच प्रतिनिधि नीरज शर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य सोनू शर्मा व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह को भी इस कमेटी में मनोनीत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भता को मिलेगा पांच लाख का ऋण

**अंबाला।** जिला प्रबन्धक हरियाणा महिला विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मातृशक्ति उधमिता हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक के ऋ ण दिलवाने की योजना लागू की गई है। जिला के लिए वित्त वर्ष मे 48 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के अन्तर्गत जिन महिलाओं की पारिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम, केवल प्रदेश की महिला उघमी तथा ऋ ण के लिए आवेदन के समय महिला उघमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच इस स्कीम की पात्र होगी।

### जेल लोक अदालत में एक बंदी को मिली रिहाई

**अंबाला।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सीजेएम गीतांजली गोयल ने केंद्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 6 मुकदमें रखे गए थे। नियमानुसार 1 का निपटारा किया गया। 1 को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सीजेएम गीतांजली गोयल ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधिश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्र मालिक के मार्गदर्शन मे प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले व तीसरे बुधवार को किया जाता है।

### शिविर में लोगों का किया जागरूक

**अंबाला।** अंबाला शहर के मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन पैनल पीएलवी बिंपी रेखी द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को सामाजिक एवं कानूनी विषयों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर बिंपी रेखी ने पॉक्सो एक्ट 2012 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों के अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी व्यवसाय या प्रक्रिया में काम करने पर पूर्ण तौर पर प्रतिबंध है। इसके साथ-साथ 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों में काम करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम के अंतर्गत यदि कहीं पर भी नियमों की अवहेलना पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### दो तोले सोना व दस हजार की नकदी चोरी

**अंबाला।** अंबाला शहर की सौंडा कॉलोनी में दिनदहाड़े एक बंद मकान को निशाना बनाकर चोर करीब 2 तोले सोना के गहने, 250 ग्राम चांदी की पाजेब व 10 हजार की नकदी चुरा ले गए। वारदात के समय पीड़ित परिवार घरेलू कार्य के चलते बाहर गया हुआ था। शाम को जब परिवार लौटा तो चोरी हो चुकी थी। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सौंडा कॉलोनी के राजेश ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने पूरे परिवार के साथ घरेलू कार्य के चलते घर का ताला बंद करके बाहर गए हुए थे। दरवाजे का ताला टूटा देख राजेश ने तुरंत आस-पड़ोस के लोगों को आवाज दी। पड़ोसियों को साथ लेकर जब वह कमरों के भीतर दाखिल हुए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था व अलमारियां खुलीं हुई थीं। पुलिस आसपास के रास्तों में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।

# बरसाती सीजन से पहले हरकत में अधिकारी, एसडीएम ने कई नालों की सफाई का मुआयना किया

- अधिकारियों को 30 तक सभी नाले नालियों की सफाई के आदेश, कहा लापरवाही हुई तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में बरसाती सीजन से पहले ही एसडीएम पानी की निकासी को लेकर हरकत में आ गई। एसडीएम कनिका गोयल ने बुधवार को अपने कार्यालय में नगर निगम, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, रेलवे विभाग, कैंटोनमेंट बोर्ड व आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पहले अंबाला छावनी क्षेत्र के सभी मुख्य नालों, सीवरेज व बरसाती नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर करते हुए 30 मई तक पूरा करना सुनिश्चित करना है ताकि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है(नगर परिषद पर्याप्त डीजल पंपों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ताकि जल भराव की स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आपातकालीन सूचना के आदान प्रदान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करें। कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के हिसाब से लगाने के निर्देश दिए।



अंबाला। नालों की सफाई के कार्य का जायजा लेती एसडीएम कनिका गोयल। फोटो: हरिभूमि

### अफसरों को आपसी तालमेल से कार्य करने के दिए निर्देश

एसडीएम ने कहा कि विभाग आपसी तालमेल से काम करें और मानसून के शुरू होने से पहले-पहले सभी विभागीय अधिकारी ड्रेन, नाले, नालियां या अन्य सफाई व्यवस्था का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसके बाद एसडीएम कनिका गोयल ने अधिकारियों के साथ 12 क्रास रोड़, गुडगुडिया नाला, रामबाग रोड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, शिवपुरी कॉलोनी, एकता विहार, इंडस्ट्रियल एरिया, गांधी ग्राउंड के नजदीक, महेशनगर रोड़ पर केडी अस्पताल के नजदीक तथा कैंटोनमेंट बोर्ड तथा रेलवे बोर्ड के अधीन आने वाले नालों की भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को स्पष्ट किया कि मानसून सीजन से पहले-पहले सभी नालों की सफाई व्यवस्था का कार्य दुरूस्त होना चाहिए। यदि कहीं पर मानसून सीजन में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं एवं कार्य पहले से ही सुनिश्चित कर लें। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों से तालमेल रखें। इस मौके पर ईओ नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, आपदा प्रबंधन विभाग से जितेंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार के साथ एनएचएआई व कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर जुटे हजारों कर्मचारी सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## चेतावनी: मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन तेज करने से पीछे नहीं हटेंगे

- बिजली मंत्री अनिल विज खुद ही कर्मचारियों के बीच पहुंचे, मंच पर ज्ञापन लेने के बाद कई मांगों को जल्द पूरा करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में बुधवार को ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के हजारों कर्मचारियों ने मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदेश भर से जुटे कर्मचारियों ने ऐलान किया कि अगर उनकी मांगों पर विचार न हुआ तो फिर वे सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने से पीछे नहीं हटेंगे। उधर ऊर्जा मंत्री अनिल विज खुद ही यूनियन के हजारों सदस्यों के बीच प्रदर्शनस्थल पर पहुंच गए। यह नजारा देखकर प्रदर्शनकारी कर्मचारी भी हैरान रह गए। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देने हेतु मंत्री अनिल विज के आवास पर आना था मगर मंत्री ने ज्ञापन लेने के लिए स्वयं हजारों कर्मचारियों के बीच प्रदर्शनस्थल पर पहुंच गए। प्रदर्शन स्थल पर पहुंचते ही ऊर्जा मंत्री ने हजारों कर्मचारियों के बीच से होते हुए सीधे मंच पर पहुंचे। यहां उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों से ज्ञापन लिया। यहां अपने संबोधन में विज ने कहा कि उनके दफ्तर हमेशा कर्मचारियों के लिए खुले हैं। यूनियन नेताओं ने उनके समक्ष कुछ मांगे रखी हैं जिनमें मुख्य एक्स-ग्रेशिया की मांग रखी है जिसमें कुछ कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उन्हें एक्स-ग्रेशिया नहीं मिली है जिसमें पांच वर्ष की शर्त है। वह कोशिश करेंगे की इसमें पांच वर्ष से घटाकर इसे दो वर्ष किया जाए। उन्होंने यूनियन की दूसरी मांग कि कच्चे कर्मियों को रेगुलर करने पर कहा कि इस मांग को उन्होंने शुरू करवा दिया है। पोर्टल पर ऐसे कर्मचारियों के नाम चढ़ाए जा रहे हैं। इसी प्रकार कर्मचारियों को रिस्क अलांउस की मांग पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस पर वह सहमत हैं। आपके साथ वह भी सरकार से रिक्स अलाउंस दिलाने के लिए जोर लगाएंगे। विज ने कहा कि वह कर्मचारियों को काम करने के लिए सुरक्षा औजार उपलब्ध कराएंगे इसके लिए वह कर्मचारियों को पूरी तरह से आश्वस्त करते हैं। कर्मचारियों की अन्य मांगों पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि जल्द ही वह वर्कर यूनियन और अधिकारियों की सांझा मीटिंग करवाएंगे



अंबाला। प्रदेशभर से इकट्ठा हुए यूनियन सदस्यों को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

### ... तो कर्मचारियों ने तालियां बजाई

यूनियन सदस्यों को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि आप जो नारा "हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है" लगा रहे हैं उसमें एक पंक्ति और जोड़ लें कि "हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, अनिल विज तुम्हारा है। ऊर्जा मंत्री द्वारा यह पंक्तियां बोलते ही यूनियन सदस्यों ने तालियां बजाते हुए इसकी सराहना की।



शहजादपुर। कॉलेज के नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर। फोटो: हरिभूमि

# राजकीय कॉलेज में सहायक प्रोफेसरों ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में विभिन्न विषयों में नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों ने कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी नव नियुक्त का स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल शैक्षणिक कार्यकाल की कामना की गई। भौतिक विज्ञान विषय में नेहा, कविता जोशी, गुरविंदर व शौर्य ने सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला।

हिंदी विषय में अभिषेक एवं चेतन ने अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। अर्थशास्त्र विषय में शिविका राठी ने तथा शारीरिक शिक्षा विषय में आयुष ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त राजनीति विज्ञान विषय में साहिल बिश्नोई ने भी सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। महाविद्यालय प्राचार्य रोहित कुमार ने सभी नव नियुक्त प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए कहा कि इनके अनुभव एवं ज्ञान से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी शिक्षक अपने अनुभव, ज्ञान एवं कार्यशैली से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। नव नियुक्त प्राध्यापकों ने भी महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास व महाविद्यालय की सेवाओं के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी नव नियुक्त प्राध्यापकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बराड़ा। स्कूली बच्चों को कॉपियां बांटते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## 71 विद्यार्थियों को बांटी नि:शुल्क कॉपियां

- विद्यालय के 71 विद्यार्थियों को कॉपियां वितरित की

**बराड़ा।** शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय कसेरला खुर्द में निशुल्क कॉपी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 71 विद्यार्थियों को कॉपियां वितरित की गईं। कॉपियां पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान हरपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों के सहयोग के लिए ऐसे सामाजिक कार्यक्रम लगातार आयोजित करता रहेगा। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश नेहरा ने रोटरी क्लब के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। विद्यालय इंचार्ज प्रवीन शर्मा ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है तथा उनमें पढ़ाई के प्रति नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्लब विद्यालय के साथ इसी तरह सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब की ओर से दिलप्रीत सिंह, साहिल शर्मा, गुनविंदर सिंह, पूर्ण छाबड़ा, साहिल वर्मा और दलजीत सिंह भी मौजूद रहे।

# सीवरेज के पानी से बिगड़ी ग्रामीणों की तबीयत उल्टी, दस्त व पीलिया के मरीजों की संख्या बढ़ी

- छात्रों के भी लिए सैंपल, ज्यादातर मरीजों की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

जफरपुर गांव में स्वास्थ्य विभाग लगातार अलर्ट मोड़ पर कार्य कर रहा है। सीएचसी मुलाना की टीम शनिवार से हर रोज जफरपुर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर मरीजों को स्वस्थ करने में लगी है। यहां सीवरेज का पानी पीने के पानी की सप्लाई में मिलने के कारण काफी संख्या में ग्रामीण पीलिया, उल्टी और दस्त के मरीज सामने आ रहे थे। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने हालात सुधारने पर टीम सहित कार्य शुरू किया। जांच में सामने आया था कि सीवरेज का पानी ट्यूबवेल के पानी में मिल रहा है, जिससे लोगों में बुखार और पीलिया के लक्षण पाए गए।

बताया गया कि पिछले तीन महीनों से ट्यूबवेल में ब्लीचिंग पाउडर भी नहीं डाला जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप में लोगों की जांच की तथा घर घर जाकर करीब 500 क्लोरीन टैबलेट और 150 ओआरएस पैकेट वितरित किए। कैंप में कुल 61 लोग स्वास्थ्य चैक कराने आए। जिसमें से 59 लोगों के ब्लड़ टेस्ट लिए गए। इसके अलावा 42 लोगों के ओटी टेस्ट लिए गए।

### स्कूलों से लिए पीने के पानी के सैंपल

टीम द्वारा गांव जफरपुर के सरकारी स्कूल सहित प्राईवेट स्कूल के पीने के पानी के सैंपल एहतियातन तौर पर लिए गए। ताकि बच्चों द्वारा पिए जा रहे पानी की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके और समय रहते उसे सुधारा जा सके। स्कूल में सैंकडो बच्चे पढ़ते है। ऐसे में वॉटर सैंपल की रिपोर्ट काफी मायने रखती है।

### सभी की ब्लड रिपोर्ट सामान्य

राहत भरी बात है कि मरीजों की संख्या घट रही है। सीएचसी की टीम द्वारा जो ब्लड़ सैंपल लिए गए। वो सभी रिपोर्ट सामान्य है। जिससे सभी वे राहत की सांस ली है। एसएमओ डॉ.कुलदीप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य कैंप अब गांव के अलग अलग मोहल्ले में लगाए जा रहे हैं। वीरवार को भी कैंप आयोजित किया जाएगा। ब्लड़ रिपोर्ट सभी की सामान्य आई है।

### खंड स्तरीय बीपीआईयू बैठक नगूरां में संपन्न

**जींद।** खंड स्तरीय बीपीआईयू की बैठक नगुरा व जींद खंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में जिला समन्वयक एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) राजेश वशिष्ठ ने अनेक महत्वपूर्ण शैक्षिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में राजेश वशिष्ठ ने रेडिनेस क्लास प्रोग्राम, सीआरपी स्किलपास बुक, ऑप आउट बच्चों की स्थिति, पाठ्य पुस्तक वितरण, सीआरसी, एबीआरसी, बीआरपी तथा खंड शिक्षा अधिकारी की फरवरी, मार्च एवं अप्रैल माह की एफएलएन विजिट पर गहन विचार-विमर्श किया। इसके अतिरिक्त पीटीएम (पैरेंट टीचर मीटिंग) के आयोजन तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

### 24 को मानव कल्याण अस्पताल में लगेगा कैंप

**बहल।** क्षेत्र की समाजसेवी संस्था जीटी हॉप फाउंडेशन द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं गोसेवक स्व. ताराचंद अग्रवाल दुल्हेड़ी वाले की 11 वीं पुण्य स्मृति में 24 मई को मानव कल्याण अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर भाई-बहन से 30 लाख की ठगी

- पुलिस ने सन फ्लाई ओवरसीज के संचालक समेत कई आरोपियों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया, आरोपियों पर फर्जी वीजा थमाने का आरोप

**अंबाला।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर कुरुक्षेत्र के सेक्टर-5 के रवि कुमार (31) व रिया से 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोप है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे तो फर्जी वीजा व टिकट का खुलासा हुआ। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने कंपनी के मालिक हरभजन, पार्टनर और वर्कर सहित चार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में कुरुक्षेत्र के सेक्टर-5 स्थित देवीदासपुरा के रवि कुमार ने बताया कि वह प्राइवेट गाड़ी चलाने का काम करता है और उसकी सगी बहन रिया छात्रा है। दोनों अपने अच्छे भविष्य और विदेश में नौकरी के लिए अखबारों में विज्ञापन देखते थे। इसी दौरान उन्हें अपने दोस्तों के माध्यम से पता चला कि अंबाला शहर के जलबेड़ा रोड पर स्थित सन फ्लाई ओवरसीज नामक कंपनी स्टडी और वर्क वीजा पर विदेश भेजने का काम करती है। 26 फरवरी 2025 को अपने दस्तावेजों के साथ कंपनी के दफ्तर पहुंचे। 30 लाख रुपये का खर्चा बताया था। कंपनी के मालिक हरभजन सिंह ने फोन कर वर्क परमिट आने का दावा किया और पेमेंट मांगी। इस तरह से सभी ने मिलकर धोखाधड़ी की। आरोपियों ने न तो दोनों को विदेश भेजा न ही उनके पैसे वापिस किए। परिवादी का आरोप है कि वे पिछले कई महीने से आरोपियों से अपने पैसे वापिस करने की मांग कर रहे थे। मगर आरोपियों ने उनके पैसे वापिस करने की बजाय उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

### ओल्ड कॉइन के नाम पर साढ़े 6 लाख की ठगी

**अंबाला।** ओल्ड कॉइन कंपनी के नाम पर एक महिला से अंबाला शहर के हरि पैलेस की सुषमा रानी से साढ़े 6 लाख रुपये से अधिक की बड़ी साइबर ठगी हो गई। शातिर ठगों ने 50 लाख रुपये का रिफंड और भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर अपने जाल में फंसाया था। पीड़िता अपने डूबे हुए पैसे वापस निकालने के चक्कर में ठगों के कहे अनुसार बार-बार पेटीएम के जरिए रकम ट्रांसफर करती रही। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो जल्द ही ठगों को काबू किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलिफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम | मधुमक्खी पालन और पर्यावरण संरक्षण की दी जानकारी

# छात्रों को प्रकृति संरक्षण एवं मधुमक्खी पालन के महत्व के बारे में किया प्रेरित

कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. वी. शिवकुमार, निदेशक, खादी एवं ग्रामोद्योग रहे

- विद्यार्थियों को मधुमक्खियों पालन के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित राज्य कार्यालय, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा बुधवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में "विश्व मधुमक्खी दिवस" का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन, पर्यावरण संरक्षण, स्वरोजगार एवं सतत विकास के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ. वी. शिवकुमार, निदेशक, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग रहे। सहायक निदेशक राकेश शर्मा एवं इंदरजीत ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। केंद्रीय विद्यालय नंबर-4 के प्राचार्य श्री अमन गुप्ता भी समारोह में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं अतिथियों का अभिनंदन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण एवं मधुमक्खी पालन के महत्व के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ गुरमेल सिंह, आरसीटी बेंगलुरु तथा प्रशिक्षक हरदीप सिंह ने विद्यार्थियों को मधुमक्खियों के परिस्थितिक एवं आर्थिक महत्व, शहद उत्पादन तथा स्वरोजगार के अवसरों के विषय में विस्तृत जानकारी दी।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद छात्र। फोटो: हरिभूमि

### महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए

विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव एवं महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए मधुमक्खी पालन जागरूकता सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान, हनी मिशन संबंधी पंफलेट वितरण, शहद वितरण तथा "मधुमक्खियां और प्रकृति" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के चेयरमैन मनोज कुमार वीसी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। इस वर्चुअल कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के विभिन्न केंद्र शामिल हुए। साथ ही सीबीआरटीआई पुणे के अधिकारी एवं विशेषज्ञ भी कार्यक्रम से जुड़े। स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी डॉ. रविंद्र कुमार, ने बताया कि इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण, मधुमक्खी पालन एवं आत्मनिर्भरता के प्रति नई जागरूकता उत्पन्न की। विद्यालय प्रशासन एवं खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के संयुक्त प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### ऑनलाइन सट्टा लगाने में तीन गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक अजय कुमार अपनी टीम के साथ गश्त व अपराध जांच के दौरान सुरेंद्र चौक तोशाम पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति खानक बाईपास तोशाम स्थित एक होटल के ऊपर बने कमरे में आईपीएल मैच पर मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे हैं।सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर रेड की और तीन आरोपियों को क्रिकेट मजा-11 एप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया।